RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

आज की खबर आज ही

जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी

# चेतना मंच




वर्ष : 26 | अंक : 188 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, शनिवार, 29 जून, 2024 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रुपया | पेज: 8

# लद्दाख में 5 जवान शहीद

## टैंक अभ्यास के दौरान बड़ा हादसा, शहीदों में जेसीईओ भी शामिल

**लेह ( एजेंसी )।** लद्दाख में टैंक से नदी पार करने के अभ्यास के दौरान बड़ा हादसा हो गया। इस हादसे में जेसीओ सहित पांच जवान की जान चली गई। यह दुर्घटना बीती रात लेह से 148 किलोमीटर दूर एक सैन्य अभ्यास के दौरान हुई।

अधिकारियों ने बताया कि लद्दाख के न्योमा-चुशुल इलाके में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के पास सेना के जवान टी-72 टैंक में सवार होकर नदी पार कर रहे थे। इसी दौरान अचानक से बाढ़ आ गई। इसके कारण टी-72 टैंक डूब गया। इससे टैंक में सवार एक जेसीओ सहित पांच जवान सवार बह गए। अधिकारियों ने बताया कि सभी शवों को बरामद कर लिए गया है। हादसा लददाख के दौलतबेग ओल्डी क्षेत्र में हुआ है। हादसे में आरआईस एमआर के रेड्डी, डीएफआर भूपेन्द्र नेगी, एलडी अकदुम तैयबम, हवलदार ए खान (6255 एफडी वर्क शॉप), सीएफएन नागराज पी (एलआरडब्ल्यू) जवान शहीद हो गए हैं।



### रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और खरगे ने जताया दु:ख

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** इस हादसे पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दुख व्यक्त किया। राजनाथ सिंह ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि लद्दाख में नदी पार करते समय एक दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना में हमारे पांच बहादुर भारतीय सेना के जवानों की जान जाने से बहुत दुखी हूं। हम अपने वीर जवानों की राष्ट्र के प्रति अनुकरणीय सेवा को कभी नहीं भूलेंगे। शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदनाएं। इस दुख की घड़ी में राष्ट्र उनके साथ खड़ा है। वहीं, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि वह दुर्घटना और जानमाल के नुकसान की खबर से बहुत व्यथित हैं। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया कि लद्दाख में नदी पार करते समय एक जेसीओ सहित भारतीय सेना के 5 बहादुरों की जान जाने से बहुत दुखी हूं। इस दर्दनाक त्रासदी का शिकार हुए सेना के जवानों के परिवारों के प्रति हमारी हार्दिक संवेदना। दुख की इस घड़ी में पूरा देश हमारे बहादुर सैनिकों की अनुकरणीय सेवा को सलाम करने के लिए खड़ा है।

# दर्दनाक हादसा : माँ के सामने बच्ची को कार ने कुचला, हालत गंभीर

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा के सेक्टर-63ए के बी ब्लॉक में एक दर्दनाक हादसा हुआ है। घर के सामने मां के साथ खेल रही एक छोटी बच्ची को किया कार ने मां के सामने ही कुचल दिया। गंभीर रूप से घायल बच्ची को कैलाश हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। इस सारी घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।




किया कार द्वारा एक मासूम बच्ची को उसकी मां के सामने कुचले जाने वाला वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में कनौजिया नाम के व्यक्ति के मकान में रहने वाली एक महिला अपनी मासूम बच्ची के साथ अपने घर के बाहर सड़क पर खेलती हुई नजर आ रही है। इस दौरान हरियाणा नम्बर की किया कार को चला रहा युवक वहां आता है और कार से बच्ची को कुचल देता है। बच्ची को कुचलने के बाद कार वहीं पर रुक जाती है। बच्ची की मां फौरन बच्ची को उठाकर बदहवास हालत में इधर-उधर दौड़ने लगती तभी लोग इक्कड़ा हो उसे अस्पताल ले जाते है जहां बच्ची जिंदगी और मौत के बीच झूल रही है। थाना सेक्टर-63 के प्रभारी अवधेश प्रताप सिंह ने बताया कि इस मामले में अजय शर्मा ने एफआईआर दर्ज कराई है। आरोपी हरियाणा के सोनीपत का रहने वाला है और उसकी गिरफ्तारी के लिए पांच टीमें बनाई गई हैं।

### ग्रेटर नोएडा में ऑनर किलिंग

# बेटी के प्रेम विवाह से नाराज थे पिता व भाई, सुपारी देकर दामाद की कराई हत्या

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना ईकोटेक-3 पुलिस ने 13 दिन पूर्व हुई ऑटो चालक की हत्या के मामले का खुलासा करते हुए चार




सुपारी किलर को गिरफ्तार किया है। ऑटो चालक की हत्या उसके ससुर व साले ने सुपारी देकर कराई थी।

सेंट्रल जोन के एडीसीपी ने बताया कि 16 जून को पुलिस लाइन के नजदीक संगम विहार कॉलोनी के पास एक अज्ञात शव बरामद हुआ था। शव की पहचान मूल रूप से ग्राम नंदरौली थाना गुन्नौर जनपद संभल निवासी भुवनेश कुमार पुत्र प्रकाश यादव के रूप में हुई थी। भुवनेश कुमार थाना बिसरख क्षेत्र के पटवाडी गांव में अपनी पत्नी के साथ रह रहा था। परिजनों ने भुवनेश कुमार की पत्नी प्रीति यादव के पिता बुद्धसिंह यादव, भाई मुकेश यादव तथा भुवनेश के मित्र श्रीपाल के विरुद्ध संदेह जताते हुए मुकदमा दर्ज कराया था। परिजनों ने बताया कि 5 वर्ष पूर्व प्रीति यादव ने घर से भागकर परिजनों के खिलाफ भुवनेश से शादी की थी। इस बात से उसके परिजन रंजिश मानते थे।

एडीसीपी ने बताया कि पुलिस ने मामले की गंभीरता से विवेचना की इस दौरान पता चला कि मृतक की पत्नी प्रीति यादव के पिता बुद्ध सिंह यादव, चाचा खड़क सिंह ने साजिश करके अपने गांव के पास के गांव मंडोली के चार युवकों को भुवनेश की हत्या के लिए तैयार किया। भुवनेश की हत्या का सौदा 300000 रूपये में तय हुआ। इसके बाद भाड़े के हत्यारे अवधेश निवासी नंदरौली, नीरज यादव, यशपाल, टीटू उर्फ अवधेश यादव ने भुवनेश की नोएडा में हत्या कर दी। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर भाड़े के चारों हथियारों को गिरफ्तार कर लिया है। इनके कब्जे से मृतक भुवनेश का लूट गया टेंपो, वारदात में प्रयुक्त बोलेरो गाड़ी हत्या में प्रयुक्त हथियार तथा हत्या करने की एवज में मिले 300000 रूपये के जेवरात बरामद किए हैं। एडीसीपी बताया कि इस पूरे षडयंत्र को रचने वाले आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# अपना घर आश्रम पहुंचने के बाद वृद्धा की मौत

## स्कूल बस चालक संदिग्ध स्थिति में मरा

**नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना सेक्टर-24 क्षेत्र के सेक्टर 34 स्थित अपना घर आश्रम में रहने वाली 90 वर्षीय वृद्धा की मौत हो गई तबीयत खराब होने के कारण वृद्धा को अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

कुछ समय पूर्व (90 वर्षीय) विमला नामक वृद्धा को सेक्टर 34 स्थित अपना घर आश्रम में लाया गया था। शुक्रवार को विमला की अचानक तबियत बिगड़ गई। तबीयत बिगड़ने पर आश्रम के संचालक उन्हें उपचार के लिए सेक्टर 39 स्थित जिला अस्पताल लेकर पहुंचे उपचार के दौरान विमला की मौत हो गई अस्पताल से सूचना मिलने पर थाना सेक्टर 24 पुलिस ने शव का पंचायत नामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

थाना सेक्टर-126 क्षेत्र के गढ़ी गांव में रहने वाले एक बस चालक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मौत के कारणों का पता जानने के लिए पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है।

ग्राम तंबोरा थाना जहांगीराबाद जनपद बुलंदशहर निवासी पिंटू नोएडा के स्कूल में बस चलता था 2 दिन पूर्व वह अपने गांव से गढ़ी गांव में रहने वाले जानकार के कमरे पर आया।

पिंटू व उसका साथी खाना खाकर सो गए सुबह पिंटू की खराब स्थिति को देखकर उसके साथी ने परिजनों को जानकारी दी इसके बाद पिंटू का भतीजा आकाश व परिजन गढ़ी गांव पहुंचे और उसे उपचार के लिए काशीराम अस्पताल में भर्ती कराया है उपचार के दौरान पिंटू की मौत हो गई।

# जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष बने संजय झा

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** दिल्ली में जनता दल यूनाइटेड की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक हुई। इस बैठक में संजय झा को पार्टी का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया है। सीएम नीतीश कुमार की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में पार्टी के सभी शीर्ष नेता मौजूद रहे।



इस बैठक में कई अहम फैसले लिए गए। दिल्ली के कॉस्टिट्यूशनल क्लब में हुई जदयू की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में पार्टी के सभी केंद्रीय मंत्री, बिहार सरकार के मंत्री, सांसद, विधायक, प्रदेश अध्यक्ष समेत पार्टी के 100 से ज्यादा नेता शामिल रहे। जदयू की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में संजय झा को कार्यकारी अध्यक्ष बनाने का प्रस्ताव खुद सीएम नीतीश कुमार ने पेश किया। कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने के बाद पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं ने संजय झा को बधाई दी।

# घर का दरवाजा खुला देख चुरा लेते थे मोबाइल फोन

**नोएडा ( चेतना मंच )।** दरवाजा खोलकर सोने वाले लोगों के घर से मोबाइल फोन चोरी करने वाले दो शातिर चोरों को थाना फेस-2 पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनके पास से चोरी के 30 मोबाइल फोन, चोरी की बाइक बरामद हुई है।

भंगेल चौकी प्रभारी प्रदीप कुमार पुलिस टीम के साथ सेक्टर-82 कट पर संदिग्ध वाहन व व्यक्तियों की चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने पैशन प्रो बाइक पर आ रहे दो युवकों को रोकने का इशारा किया। पुलिस को देखकर बाइक सवारों ने भागने का प्रयास किया लेकिन पुलिस कर्मियों ने उन्हें दबोच लिया। दोनों युवकों से जब भगाने का कारण पूछा तो उन्होंने बताया कि उनके पास चोरी के मोबाइल हैं और उनकी बाइक भी चोरी की है। तलाशी लेने पर उनके पास से 23 स्मार्टफोन, 7 कीपैड मोबाइल फोन व चाकू बरामद हुए। पूछताछ में पकड़ा गए बदमाशों ने अपने नाम दीपक सिंह पुत्र सुरेश सिंह निवासी जनपद बिजनौर व विकास पासवान पुत्र सीताराम पासवान निवासी पटना बिहार बताया। आरोपियों ने बताया कि वह देर रात में चोरी की (शेष पृष्ठ-3 पर)

# ब्याजमुक्त 5 लाख का ऋण युवाओं के लिए संजीवनी बूटी साबित : अनुज शर्मा

**नोएडा ( चेतना मंच )।** उत्तर प्रदेश के बेरोजगार युवाओं के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा ब्याजमुक्त 5 लाख का ऋण देने की पहल युवाओं के लिए संजीवनी बूटी का कार्य करेगी। इससे युवाओं में काफी खुशी व्याप्त है। यह कहना है भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के नोएडा महानगर के जिला महामंत्री अनुज शर्मा उर्फ अनुज प्रधान का।



अनुज शर्मा ने बताया कि पहले चरण में प्रदेश के 10 लाख युवा बेरोजगारों को ब्याजमुक्त 5 लाख रूपये का ऋण दिया जाएगा जिससे बेरोजगार युवा स्वरोजगार करके अपने पैरों पर खड़ा हो सके तथा जीविकोपार्जन कर सकें। इसमें बैंक को किसी प्रकार की गारंटी भी नहीं देनी होगी। प्रदेश सरकार ही बैंक को ऋण की गारंटी देगा। (शेष पृष्ठ-3 पर)

# लुहारली टोल पर वकील के साथ मारपीट

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना दादरी में एक अधिवक्ता ने जानलेवा हमला व लूट के आरोप में एक व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।



ग्राम सांवली थाना सिकंदराबाद जनपद बुलंदशहर निवासी अधिवक्ता परविंदर सिंह ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह सूरजपुर स्थित न्यायालय में प्रैक्टिस करते हैं। 24 जून को वह अपने भाई के साथ लुहारली टोल प्लाजा से होते हुए घर जा रहे थे। उनकी कार टोल प्लाजा पर पहुंची तो शराब के नशे में चूर गजेंद्र कुमार पुत्र वचन निवासी ग्राम लुहारली ने ओवरटेक कर उनकी कार रुकवा कर उन्हें गालियां देनी शुरू कर दी। उन्होंने जब गाली देने का विरोध किया तो आरोपी ने उन्हें जबरन कार से नीचे उतार लिया और मारपीट शुरू कर दी।

इस दौरान गजेंद्र ने जान से मारने की नीयत से उसका गला दबा दिया। उनके भाई रविंद्र ने उसे बचाने का प्रयास किया तो आरोपी ने उनके साथ भी हाथापाई की। मौके पर मौजूद तरुण एडवोकेट व अन्य लोगों ने उन्हें किसी तरह गजेंद्र कुमार से बचाया। (शेष पृष्ठ-3 पर)

# नोएडा से दो किशोरियों का हुआ अपहरण

**नोएडा ( चेतना मंच )।** अलग-अलग थाना क्षेत्रों में दो किशोरियों को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया गया है। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज किया है।

मूलरूप से फिरोजाबाद निवासी राकेश (काल्पनिक नाम) ने थाना सेक्टर-142 में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह हाल में शहदरा गांव में अपने परिवार सहित किराए पर रह रहा है। 16 जून की दोपहर को उनकी बेटी घर से बाहर गई थी इसके बाद वह वापस नहीं लौटी। उन्होंने जब उसकी तलाश की तो पता चला कि उनके पड़ोस में रहने वाला पवन कुमार पुत्र राजवीर निवासी मथुरा उनकी बेटी को भगाकर ले गया है। (शेष पृष्ठ-3 पर)

# किराएदार ने मकान मालिक को चाकू घोंपा

**नोएडा ( चेतना मंच )।** हरौला गांव में किराएदार ने अपने मकान मालिक को चाकू मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी चाकू को लहराता हुआ मौके से फरार हो गया। मकान मालिक किराएदारों का झगड़ा सुलझाने के लिए मौके पर गया था।

### झगड़ा सुलझाने गया था मकान मालिक

हरौला गांव निवासी सचिन अवाना पुत्र राम मेहर ने गांव में बने मकान में किराएदार रखे हुए हैं। 27 जून को किसी किराएदार ने उन्हें बताया कि किराए पर रहने वाला सउद पुत्र करीम पड़ोस के किराएदारों से झगड़ा कर रहा है। सचिन अवाना अपने मकान पर पहुंचे तो वहां सऊद अन्य किराएदारों से गाली-गलौज करता हुआ मिला। (शेष पृष्ठ-3 पर)

# सतीश कुमार बने जिला समाज कल्याण अधिकारी

**नोएडा ( चेतना मंच )।** सतीश कुमार को जनपद गौतमबुद्धनगर का जिला समाज कल्याण अधिकारी बनाया गया है। सतीश कुमार इसी पद पर आगरा में तैनात थे। गौतमबुद्धनगर में तैनात जिला समाज कल्याण अधिकारी शैलेन्द्र बहादुर सिंह को लखनऊ में समाज कल्याण निदेशालय में भेजा गया है।

बता दें कि देर रात शासन ने प्रदेश के समाज कल्याण विभाग के 24 अधिकारियों को इधर से उधर किया है। बता दें कि शैलेन्द्र बहादुर सिंह ने हाल ही में फेडरेशन ऑफ नोएडा रेजीडेंटस वेलफेयर एसोसिएशन यानी फोनरवा के चुनाव पारदर्शी व ईमानदारी से करवाये थे। इस पर फोनरवा ने उनको सम्मानित भी किया था।

# भगवान गौतमबुद्ध की मूर्ति बनाएंगे राम.वी. सुतार

## नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डॉ. लोकेश एम ने किया मूर्ति बनाने का आग्रह

**नोएडा ( चेतना मंच )।** देश के प्रख्यात मूर्तिकार पदमश्री राम.वी. सुतार अब नोएडा को विशेष पहचान दिलाने के लिए गौतमबुद्ध की मूर्ति बनाएंगे। इस मूर्ति का आकार क्या होगा तथा यह किस धातु या पत्थर की बनेगी ? इसको लेकर अभी कुछ तय नहीं हुआ है। नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डा. लोकेश एम ने राम.वी. सुतार से इस मूर्ति को बनाने का आग्रह किया है। प्राधिकरण के विश्वस्त अधिकारिक सूत्रों की मानें तो भगवान गौतमबुद्ध की बनने वाली मूर्ति संभवत: सेक्टर-112 में स्थापित होगी। जाहिर है जब राम.वी. सुतार इस मूर्ति को बनाएंगे तो उसकी भव्यता व सुंदरता अदभुत ही होगी।

बता दें कि सेक्टर-19 निवासी राम.वी. सुतार कल सेक्टर-6 स्थित नोएडा प्राधिकरण कार्यालय में पहुंचे थे तथा सीईओ डा लोकेश एम ने उनसे मुलाकात करके मूर्ति बनाने का आग्रह किया। इस दौरान सीईओ ने राम.वी. सुतार को शाल ओढ़ाकर तथा बोनसाई पौधा देकर सम्मानित भी किया।



उल्लेखनीय है कि 91 वर्षीय राम.वी. सुतार ने गुजरात में नर्मदा नदी के तट पर विश्व की सबसे ऊंची सरदार वल्लभ भाई पटेल की मूर्ति卐स्टेच्यू ऑफ यूनिटी卐 बनाई है। इसके अलावा उन्होंने लोकसभा व राज्यसभा में कई मूर्तियों के अलावा विभिन्न प्रदेशों में स्थापित कई अतुलनीय मूर्तियां भी बनाई हैं। राम.वी. सुतार नोएडा प्राधिकरण के स्वच्छता अभियान के ब्रांड एम्बेसडर भी हैं।

# तेज रफ्तार ई-रिक्शा पलटा, सवारी की मौत

**नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना सेक्टर-58 क्षेत्र में तेज गति में जा रहा ई-रिक्शा पलटने से सवारी की मौत हो गई। खोड़ा कॉलोनी गाजियाबाद निवासी सुरेंद्र पंडित ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि उनका भांजा उमेश पंडित जेजे फैशन कंपनी में नौकरी करता था। 27 जून की सुबह वह कंपनी के लिए ई-रिक्शा से जा रहा था। चालक ई-रिक्शा को तेज गति से दौड़ा रहा था। 30 गति में होने के कारण ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया और उमेश पंडित को इस हादसे में गंभीर चोटें आई। गंभीर स्थिति में उसे फॉर्टिस हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। उपचार के दौरान उमेश की मौत हो गई। सुरेंद्र पंडित ने ई-रिक्शा चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चला कर दुर्घटना करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है।

### कैंटर में घुसा टैंपो चालक मरा

वहीं थाना बीटा-2 के ग्राम जैतपुर वेसपुर निवासी मनोज कुमार ने दुर्घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई है। मनोज कुमार ने बताया कि उनका बड़ा भाई सुनील जेवर से दिल्ली अपने छोटे हाथी टेंपो से जा रहा था जीरो प्वाइंट से पहले ताज हाईवे पर कैंटर चालक ने अचानक इमरजेंसी ब्रेक लगा दिए इस कारण उसके भाई का टेंपो कैंटर से टकरा गया। इस हादसे में गाड़ी क्षतिग्रस्त तथा सुनील गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने सुनील को तुरंत कासना स्थित कांशीराम अस्पताल में भर्ती कराया। सुनील की हालत को देखते हुए उसे दिल्ली के हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया। रास्ते में उसकी मृत्यु हो गई।

